## इंस्टाग्राम पर हुए प्यार को परवान चढ़ाने कर्नाटक पहुंची रांची की लड़की

# बहकावे में आकर हिन्दपीढ़ी की दोनों लड़कियां फिल्मी स्टाइल में हुई थी फरार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने दो लड़कियों के अपहरण के मामले की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस की जांच में पाया गया कि लड़कियों का अपहरण हुआ ही नहीं था। हालांकि लड़कियों के द्वारा यह स्पष्ट किया गया की दोनों लड़कियां घटना में शामिल लड़कों के बहकावे में घर से भाग गई थी। पुलिस सूत्रों का कहना है रांची का बहुचर्चित अपहरण का मामला प्रेम प्रसंग का निकला। सोची समझी प्लानिंग के तहत अपना फोन और सिम कार्ड तोड़कर फेंक दिया था। लेकिन रांची पुलिस के बनाये एसआईटी टीम और तकनिकी मदद से दोनों बहनों को कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती से बरामद किया गया। वहीं मामले में पुलिस ने लड़कियों के प्रेमी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूत्रों के हवाले से जांच में यह बात भी सामने आई है कि पकड़े गए युवक मो इस्माइल के साथ बड़ी बहन का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन लड़की के परिजनों ने युवक से अपनी बेटी की शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ही दोनों बहनों ने मिलकर उस युवक के साथ घर से चले जाने की पूरी योजना बनाई और अपहरण की झूठी कहानी रची।



### बहुचर्चित अपहरण मामले के उद्भेदन में शामिल एसआईटी टीम को किया जायेगा सम्मानित

हिंदपीढ़ी के दोनों सगी बहनों को बरामद करने वाली एसआईटी की टीम को सम्मानित किया जायेगा। कई तरह की चुनोतियों का सामना करते हए रांची पुलिस, रांची आरपिएफ सहित कर्नाटक एडीजी और कोप्पल सिटी एसपी के सहयोग से दोनों बहनों को बरामद किया गया।

### अपहरण की खबर सुनते पुलिस अमला हो गया था चौकन्ना

सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिस तरह से दोनों लड़कियों ने अपने परिजनों को फोन कर यह बताया था कि उनका अपहरण कर लिया गया है। जानकारी मिलने पर रांची पुलिस का पूरा अमला ही चौकस हो गया। पुलिस रात भर लड़कियों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी करती रही। इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनों को भी खंगाला गया, जिसमें रेल पुलिस ने भी पूरा सहयोग दिया। टेक्निकल सेल और सीसीटीवी के माध्यम से रांची पुलिस को यह जानकारी मिली कि दोनों लड़कियां कार से एक लड़के के साथ बूटी मोड़, फिर ओरमांझी से होते हुए चितरपुर पहुंची थीं और वहां से कोडरमा, वाराणसी होते हुए ट्रेन से कर्नाटक चली गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने तुरंत कर्नाटक के एडीजी और पुलिस अधीक्षक कोपल से सहयोग के लिए अनुरोध किया। कर्नाटक पुलिस के सहयोग से ही दोनों लड़कियों को कोपल जिले के गंगावती से बरामद किया गया और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। रांची एसएसपी ने बताया की दोनों लड़कियां बालिग हैं। घर से फरार होने से पहले कर्नाटक के युवक के साथ मिलकर दोनों बहनों ने पूरी तैयारी कर ली थी। दोनों लड़कियों ने अपना मोबाइल फोन शनिवार को ओरमांझी ब्लॉक चौक के पास स्वीच ऑफ कर दिया था।

### बॉलीवुड फिल्म के अंदाज में कोड वर्ड में करते थे बात

पूरी कहानी में सबसे दिलचस्प मोड यह है कि बॉलीवुड फिल्म या किसी क्राइम स्टोरी की तरह प्लानिंग में शामिल अभियुक्त ने मोबाइल तोड़ कर फेंक दिया था और आपस में कॉड वर्ड में बात करते थे। सूत्रों के अनुसार उल्लेखनीय है की पारिवारिक पूछताछ और पुलिस की गतिविधियों के में वैसे लोग भी शामिल थे जो शुभचिंतक बन कर अन्य आरोपियों को पुलिस और परिवार के गतिविधियों के अपडेट देते थे। वहीं पूरी प्लानिंग में कॉर्ड वर्डकी भी भूमिका अहम रही। इन कोड वर्ड्स में एचपी और 10 जुलाई शामिल था। वहीं प्लानिंग को तीन चरणों में रंग दिया गया था। प्लान 'ए' में मुंबई, प्लान 'बी' कर्नाटक, प्लान 'सी' में चेन्नई जाना शामिल था।

### प्रेमी सहित अन्य शामिल आरोपी गिरफ्तार

पूरी प्रक्रिया में रांची पुलिस ने मुख्य आरोपी इस्माइल सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद इस्माइल कर्नाटक के रायचूर का रहने वाला है। इस मामले में मोहम्मद इस्माइल की मदद करने वाले अन्य चार को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनमें रांची के हिंदपीढ़ी के रहने वाले जुनेद आलम, रामगढ़ के रहने वाले मजहर आलम, गढ़वा के रहने वाले इमरान खान और हिंदीपीढ़ी के नाला रोड के रहने वाले काशिद फिरोज शामिल हैं।

### दोनों लड़कियों से पूछताछ जारी

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूछताछ में दोनों लड़कियों ने बताया है कि वह इस्माइल के बहकावे में आकर घर से भाग गईं थीं। हालांकि एसएसपी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अगर इस पूरे प्रकरण में कहीं से भी लड़कियों का कोई हाथ सामने आया तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल दोनों लड़कियों की काउंसलिंग की जा रही है।

## मुखिया एवं उपमुखिया के क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार रांची जिला अंतर्गत सभी मुखिया एवं उपमुखिया के क्षमता संवर्धन के लिए कार्यशाला-सह-सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिनांक 18 जनवरी 2025 (दिन शनिवार) को ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत रुक्का में पूर्वाह्न 10:30 बजे किया जाएगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कार्यशाला-सह-सम्मेलन को लेकर संबंधित पदाधिकारी को सभी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। पदाधिकारियों को अपने संबंधित विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं के संबंध में मुखिया एवं उप मुखिया को अवगत कराने हेतु योजनाओं की विवरणी के साथ उक्त कार्यशाला-सह-सम्मेलन में निर्धारित तिथि में ससमय भाग लेने का निर्देश दिया गया है।

## रिम्स में लोड बढ़ रहा है आवश्यक बदलाव की जरूरतः रिम्स निदेशक

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने पेइंग वार्ड और कॉटेज का विस्तृत दौरा किया और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उन्होंने इमरजेंसी सेवाओं की समीक्षा की और आवश्यक सुधारों पर जोर दिया।



केंद्रीय आपातकालीन को व्यवस्थित करते हुए वहां बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पेइंग वार्ड व कॉटेज के कुछ कमरों को स्थिर आपातकालीन रोगियों के लिए आरक्षित किया जाएगा। निदेशक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से इमरजेंसी में आ रहे मरीजों को बिना विलम्ब के उचित चिकित्सा सेवा प्रदान करने की बात कही उन्होंने कहा कि रिम्स में लोड बढ़ रहा है आवश्यक बदलाव की जरूरत है। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हीरेन्द्र बिरुआ, सेंट्रल इमरजेंसी व ट्रामा सेंटर के प्रभारी प्रो (डॉ) प्रदीप भट्टाचार्य, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार, उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### डीसी ने जनता दरबार में की लोगों से मुलाकात



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार कोजनता दरबार में जिला के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। देर शाम तक लोगों की समस्याओं को सुनते हुए जल्द निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में अवैध जमाबंदी, ऑनलाइन इंट्री में सुधार, स्वयं सहायता समूह के संचालन में विवाद, स्कूल कक्ष निर्माण आदि से संबंधित आवेदन आये।

### अपर प्रशासक के निधन पर डीसी ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ रांची नगर निगम के अपर प्रशासक फिल्यूईस बारला के आकस्मिक निधन को लेकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा। उपायुक्त ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करे।

### संजय सेठ के जन्मदिन पर आयोजित दंत चिकित्सा जांच शिविर में 46 मरीजों की हुई जांच



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के जन्मदिन पर गुरुवार को निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब रांची हरिकनक ग्रेटर एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप)के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। डेंटल डॉ ललित किशोर, डॉ अनामिका मिश्रा, डॉ ऐश्वर्या, डॉ शेख शाहीन एवं इनके सहायक उर्वी, अंजली, सुमी द्वारा 46 मरीजों के दंत एवं मुख के बीमारियों की जांच की। साथ ही उन्हें दवा के साथ-साथ टूथपेस्ट, टूथ ब्रश आदि भी दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि लायंस क्लब ऑफ हरिकनक ग्रेटर के प्रशासक सह रीजन चेयर पर्सन लायन प्रेमशंकर मिश्रा, अध्यक्ष लायन राजेश केडिया सहित लायन अमित मिश्रा, अंकित सर्राफ, साकेत अग्रवाल, लायन शशिकांत मिश्रा, लायन दीपक कुमार साहू, लायन शुभमल दत्ता, लायन विजय सिंह, लायन मनोज पांडे, लायन ममता मिश्रा एवं छात्र क्लब चिकित्सा मंच (यूनिट छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, राजकिशोर राणा, सुबोध कुमार शर्मा, अशोक कुमार राणा आदि मौजूद थे। मौके पर डॉक्टर ललित किशोर ने ठंड मौसम मे दंत एवं मुख के बीमारियों से बचने के लिए टिप्स दिए।


### काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार देने के मामले में जांच के आदेश

- **महत्वपूर्ण दस्तावेज शेयर करने में सावधानी बरतें : डीसी**

**रांची।** जिला प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से रांची के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में चांदूर बंधु मिलन कल्याण कमिटि द्वारा महिलाओं को रोजगार प्रदान किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने इस संबंध में लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गयी है। उन्होंने आम लोगों से इसकी सूचना जिला प्रशासन को देने के साथ अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार, पैन कार्ड, बैक डिटेल एवं पैसे के लेन-देन में पूरी सावधानी बरतने की अपील की गयी है।|

**जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस संबंध में श्रम अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस एवं श्रम अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को जांच कर मामला फर्जी पाए जाने पर उचित कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाओं से काजू पैकिंग के नाम पर रोजगार दिए जाने की बात कही जा रही है। उक्त समिति के सदस्यों ने महिलाओं से आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक डिटेल लिए जा रहे हैं। समिति द्वारा 07 जनवरी को कांके के गौशाला मैदान में जनसभा आयोजित करने की भी बात कही गई है। इस संबंध में जो पत्र जारी किया गया है उसमें भी कई अशुद्धियां हैं।

### चैम्बर भवन में प्रत्यक्ष कर उप समिति की बैठक झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग



**रांची।** यूनियन बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों का समायोजन हो सके इस उद्देश्य से चैम्बर भवन में प्रत्यक्ष कर उप समिति की बैठक अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बजट में झारखण्ड राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही गई। इस बात पर भी चर्चा की गयी कि डायरेक्ट टैक्स कोड 2025 में इम्प्लीमेंटेशन लाने की आवश्यकता है जिससे बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस सहिंता के तहत पूंजीगत लाभ को सामान्य आय के हिस्से में शामिल किया जायेगा, जिससे संभावित रूप से उन पर उच्च कर दरें लागू होंगी, इससे पहले पूंजीगत लाभ पर अक्सर कम दरों पर अलग से कर लगाया जाता था। बजट में व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा देने की भी बात कही गई। इसके साथ-साथ झारखण्ड में स्पेशल इकोनॉमिक जोन घोषित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। उप समिति चेयरमैन सीए पंकज मक्कड़ ने कहा कि झारखण्ड की प्रगति के लिए चैम्बर द्वारा जल्द ही सुझाव केंद्रीय वित्त मंत्रालय को सौंपा जायेगा। बैठक में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, उप समिति चेयरमैन सीए पंकज मक्कड़, को- चेयरमैन अर्पित जैन, सदस्य श्रद्धा बागला, हरिकांत वत्स, अनिश जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

### रांची में आज से लगेगा पुस्तक मेला

**रांची।** पुस्तक प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। रांची के जिला स्कूल मैदान में शुक्रवार से राष्ट्रीय पुस्तक मेला लगने जा रहा है, जो कि 26 जनवरी तक चलेगा। इसे लेकर प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं का परिसर में आना शुरू हो गया है। आम लोगों के बीच भी गहमाझगहमी देखने को मिल रही है। इस पुस्तक मेले का आयोजन समय इंडिया, नई दिल्ली और बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान से किया जा रहा है। पुस्तक मेले में 80 से अधिक स्टॉल्स लगेंगे। मेले का विधिवत शुभारंभ आज अपराह्न 3:30 बजे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद और प्रसिद्ध साहित्यकार महुआ माजी करेंगी। उनके साथ रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह भी रहेंगे।

## आजसू प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव को दी बधाई

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्विद्यालय के नव नियुक्त कुलसचिव डॉ चरण साहू से मिलकर पुष्पगुच्छ देखकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके कार्यकाल में छात्र हित में पूरी निष्ठा पूर्वक काम करने एवं छात्रों से संबंधित सभी तरह के निराकरण करने की बात की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, संगठन सचिव अली, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## साफ-सफाई पर दें ध्यान, अतिक्रमण मुक्त रखें सड़कें : प्रशासक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में नियमित साफ सफाई, कूड़ा उठाव, रोड स्वीपिंग व मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए रांची निगम निगम ने विशेष सफाई अभियान व अतिक्रमण हटाव अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। गुरुवार को रांची नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह ने निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों के कूड़े का उठाव, नालियों की नियमित सफाई, मुख्य मार्गों में जाम की स्थिति इत्यादि से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस क्रम में प्रशासक द्वारा स्वच्छता टीम के पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ करमटोली चौक अवस्थित आईएमए भवन से होते हुए बरियातु रोड, बरियातु एरिया के विभिन्न कॉलोनियों, जोड़ा तालाब, चेशायर होम रोड, डोरंडा साउथ ऑफिस पाड़ा, नेपाल हाउस, डोरंडा बाजार इत्यादि क्षेत्रों का भ्रमण संबंधित पदाधिकारियों के साथ किया गया। प्रशासक द्वारा पदाधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड विजिट करते हुए, साफ-सफाई व अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में सड़कों पर डंप कूड़ा ना रहे, जाम व चोक नालियों को चिन्हित कर ड्रेन क्लीनिंग व सभी क्षेत्रों से नियमित रूप से कूड़े का उठाव हो, यह सुनिश्चित करे। मेडिकल वेस्ट खुले एरिया में ना फेंका जाए, यह सुनिश्चित करें। समय-समय पर जाम नालियों के लिए सुपर सकर मशीन का प्रयोग करे। इसके अलावा संबंधित पदाधिकारियों को सभी जोन में मुख्य मार्गों के अलावा कनेक्टिंग पथों पर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण दल में उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, नगर प्रबंधक, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में प्री बोर्ड-1 के परिणामों का विश्लेषण हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के सभी पांच मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में प्री बोर्ड-1 के परिणामों का गहन विश्लेषण किया गया। जिसपर कमियों पर फोकस करते हुए बेहतर तैयारी के साथ प्री बोर्ड 2 एवं सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थी शामिल हो इसके लिए उपायुक्त ने सभी पांच उत्कृष्ट विद्यालयों में जिले के अधिकारियों को छात्रों से रूबरू होने का निर्देश दिया।अधिकारियों एवं छात्रों के बीच एक संवाद कार्यक्रम की पहल की गई। इस कार्यक्रम में जिले के अधिकारी छात्रों को परीक्षा के दबाव से निपटने, तनाव मुक्त रहते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने एवं भविष्य में अच्छा कैरियर चुनने संबंधी गुर बताएंगे।

**अधिकारियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए जवाब दिया :** इसी के तहत आज मुख्यमंत्री जिला अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उत्कृष्ट विद्यालय में दोपहर 1:00 से 3:00 तक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 155 छात्र छात्राएं एवं विद्यालय के शिक्षक सम्मिलित हुए। छात्रों को अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर श्री उत्कर्ष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज एवं सीबीएसई के विशेषज्ञ एस एम ओमेर ने संबोधित किया। छात्रों ने परीक्षा के प्रत्येक पहलू पर सवाल किया जिसका अधिकारियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए जवाब दिया। छात्र काफी संतुष्ट नजर आए एवं पूरे आत्मविश्वास से आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन की बात दोहराई। ज्ञात हो कि उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र पहली बार सीबीएसई के बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस तरह के कार्यक्रम जिले के अन्य सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने सभी उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विषय पर फोकस करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करें।



## आरयू पीजी विभागों के शिक्षकों की मनमानी पर लगाए रोक : एनएसयूआइ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्विद्यालय कुलपति अजित कुमार सिन्हा से गुरुवार को मुलाकात की। जिसके बाद राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि आप जो पी।जी सेमेस्टर 4 में डिजरटेशन प्रोजेक्ट रिपोर्ट के 100 अंक पीजी विभाग के शिक्षक अपने हाथों में पूरा मार्क्स फाइल रक्खे है, नियम अनुसार वो गलत है । हर महाविद्यालय से छात्र छात्राओं को पी।जी विभाग बुलाया जाता है, जबकि जिस महाविधालय के हार्नेस डिपार्टमेंट में 50 से जायदा विद्यार्थि हो वहां पीजी के शिक्षकों को जाना चाहिए वाइवा लेने के लिए। और जो डिजरटेशन रिपोर्ट में वाइवा में 30 अंक जो एक्सटर्नल के हाथों में होता है, उसे ये पूरा 100 अंक अपने हाथों में रखे हुए है। उन्होंने कहा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है कि अगर 70 अंक प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर है तो 70 अंक महाविद्यालय के हाथों में होना चाहिए और वाइवा लेने का अधिकार संबंधित कॉलेज को होना चाहिए । 70 अंक और 30 अंक दोनों पीजी विभाग अपने हाथों में रखी है। जो कि गलत है। विवि प्रशासन इस पर विचार करे एवं छात्रहित में उचित निर्णय जल्द ले और लिखित आदेश निकाले ताकि पीजी विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं का मन न बढ़े और वें सभी लोग छात्र छात्राओं के प्रति सहानभूति रखें एवं विनम्र रहे। कुलपति ने तत्काल उक्त मामले को परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार के संज्ञान में दिया और इस मामले को गंभीरता से देखने को कहा। मौके पर पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद, गुलशन कुमार, आर्यन सिंह, रोहित कुमार आदि छात्र नेतागण उपस्थित थे।



## नगर निगम प्रशासक ने क्षेत्र का किया निरीक्षण

**रांची।** रांची नगर निगम आम नागरिकों की सहूलियत एवं वेंडर्स को व्यवस्थित करने के क्रम में डोरंडा सब्जी मार्केट एरिया, जहां पर वेंडरों द्वारा अव्यवस्थित रूप से दुकानें लगाई जा रही है। वहीं मार्ग में अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। वहां रांची नगर निगम द्वारा एक मॉडर्न रोड-साइड मार्केट स्ट्रीट पीपीपी मोड पर विकसित करने का प्लान तैयार किया जा रहा है। गुरुवार को रांची नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह ने निगम के पदाधिकारियों के साथ उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया रोड साइड मार्केट को स्थानीय संस्कृति के अनुसार आइकोनिक व थीम बेस्ड विकसित करने के अनुसार प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ आम नागरिकों का आवागमन भी ठीक प्रकार से हो सकेगा एवं सभी मार्ग जाम मुक्त रहेंगे। साथ ही सभी वेंडर्स एक व्यवस्थित रूप से अपनी दुकानें लगा सकेंगे।

## आज / कल




## वर्ल्ड ग्लोबल ट्राइबल क्वीन प्रतियोगिता-2025

# झारखंड की तीन लड़कियों ने परचम लहराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भुवनेश्वर में आयोजित वर्ल्ड ग्लोबल ट्राइबल क्वीन प्रतियोगिता-2025 में झारखंड की तीन लड़कियों ने परचम लहराया है. वर्ल्ड ग्लोबल ट्राइबल क्वीन प्रतियोगिता-2025 में बेड़ो की पूजा लकड़ा ने पूरे देश में झारखंड का नाम रौशन किया है. इस प्रतियोगिता में खूंटी के अभिजल कंडुलना को ट्राइबल क्लीन अर्थ अवार्ड और रांची की अलीशा गौतम उरांव को स्पेशल जूरी अवार्ड दिया गया. भुवनेश्वर के रमादेवी महिला विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में 15 देशों की सैकड़ों आदिवासी लड़कियों ने हिस्सा लिया. सभी ने अपनी जनजाति का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी पारंपरिक पोशाक पहनी। ट्राइबल ग्लोबल क्वीन वर्ल्ड का खिताब जीतकर जब पूजा हटिया रेलवे स्टेशन पहुंची तो आदिवासी समुदाय के कई लोग उनके स्वागत में फूल माला लेकर खड़े थे. भुवनेश्वर से रांची पहुंचने के बाद पूजा लकड़ा ने बताया कि पहले ट्राइबल ग्लोबल क्वीन इंडिया थी और अब ट्राइबल ग्लोबल क्वीन वर्ल्ड बन गई. कहा कि लगता है कि एक कदम आगे बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि इसमें हमारे माता-पिता, दोस्त सभी लोगों का सहयोग रहा है. उन्होंने झारखंड के युवतियों को संदेश देते हुए कहा कि अपनी आवाज खुद बने और अपने ऊपर भरोसा रखें सफलता, आपको जरूर मिलेगी।



## 20 तक डोर टू डोर सर्वे एवं डेटा इंट्री करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ट्रिपल टेस्ट सर्वेक्षण समीक्षा मीटिंग की। वहीं 20 जनवरी तक डोर टू डोर सर्वे एवं डेटा इंट्री सुनिश्चित रूप से पूरा कराने के लिए अंचल अधिकारी अरगोड़ा, शहर, बड़गाई, हेहल, नामकुम, नगड़ी एवं बुंडू को निर्देश दिया। जानकारी हो की नगर निकाय चुनाव को कराने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराकर वार्ड वाइज एसटी/एससी/ओबीसी/जेनरल मतदाताओं का जनगणना कराया जा रहा है। इस निमित्त सभी शहरी अंचल अधिकारी को उनके क्षेत्र अंतर्गत कार्य करके बूथवार मतदाताओं की संख्या को उक्त कैटेगरी में वर्गीकरण करने का कार्य बीएलओ द्वारा सर्वे करके किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा समर्पित रिपोर्ट को अंचलवार समेकित प्रतिवेदन एवं 20 जनवरी को डीपीआरओ (पंचायती राज) को भेजने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। ताकि नगर निकाय चुनाव कराने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा सकें।



## एक नजर

### चोरी की गाड़ी के साथ युवक गिरफ्तार

**चान्हो।** थाना अंतर्गत एंटीक्राईम चेकिंग के दौरान चोरी की गाड़ी के साथ एक युवक गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम शुभम भगत है । वह सिलागाईं का रहनेवाला है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन संबंधित कागज मांगा । युवक द्वारा कागजाद नहीं दिखाने के बाद पुलिस उसे थाना ले गई। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि गाड़ी चोरी की है। इसके बाद युवक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**रामगढ़।** स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से गुरुवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप स्थित लिटिल जेम्स स्कूल में तीन महीने के उन्नत सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष रीता सिंह के जरिये किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11 प्रतिभागी, जो परियोजना प्रभावित परिवारों (पीटीवी) से हैं, भाग ले रहे हैं। उन्नत सिलाई प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को पेशेवर कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक सिलाई तकनीकों और व्यावसायिक कौशल का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वर्णरेखा महिला समिति के जरिये महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### भाजपा का डीवीसी के मुख्य गेट पर धरना शुरू

**कोडरमा।** जिले के जयनगर प्रखंड में 17 सूत्री मांगों को लेकर प्रभावित संघर्ष समिति ने भाजपा के बैनर तले प्लांट के मुख्य गेट पर अनिश्चित कालीन धरना गुरुवार से शुरू हो गया। धरना में डीवीसी केटीपीएस के विस्थापित एवं प्रभावित दर्जनों गांव के अलावा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। धरना के पूर्व विस्थापित एवं प्रभावित लोगों ने खेडोबार से एक रैली निकाली गई। रैली के दौरान डीवीसी के मनमानी नहीं चलेगा, डीवीसी होश में आओ, विस्थापितों के साथ किया गया वादा पूरा करो आदि नारेबाजी करते हुए प्लांट के मुख्य गेट पर पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया। धरना को विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि डीवीसी पिछले कई वर्षों से विस्थापितों को छलने का काम किया जा रहा है। डीवीसी के करने और कथनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने जमीन दिया है तो अधिकार भी लेना जानते हैं।

---

लापुंग पुलिस ने अफीम की खेती किया नष्ट, जमीन मालिक को भेजा जेल

# अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग पुलिस ने गुरुवार को लापुंग थाना क्षेत्र के गोपालपुर में अफीम की खेती नष्ट किया । थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं। उन्होंने बताया कि लापुंग थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में अफीम की खेती किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर उसकी सत्यापन की गई। तत्पश्चात थाना के आर्म्ड गार्ड की मदद से ट्रैक्टर के द्वारा करीब 2.5 एकड़ में लगे अफीम की खेती को विनष्ट किया गया तथा जमीन मालिक एवॉन होरो को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि अफीम एक प्रतिबंधित मादक पदार्थ है जिसकी खेती करना एवं उसका व्यापार करना अवैध है। उन्होंने बताया कि एवॉन होरो ने अपनी अन्तर्लिप्तता स्वीकार कर लिया है। उसके खेत में लगी 2.5 एकड़ क्षेत्र में अफीम की खेती को ट्रैक्टर के रोटावेटर को लगाकर विनष्ट किया गया। छापामारी टीम में खुद थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, एएसआई दिलोज हेमरोम सोय, कामेश्वर प्रसाद चौधरी सहित सशस्त्र बल के जवान मौके पर कारवाई करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना प्रभारी ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उक्त कार्रवाई की गई है।

# भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मनाया महेंद्र सिंह का बलिदान दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को चामा चौक में महेंद्र सिंह का बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। अध्यक्षता भाकपा माले एरिया सचिव किशोर खण्डित ने किया। उपस्थित लोगों ने महेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। किशोर खण्डित ने कहा कि बलिदानी महेंद्र सिंह की तरह हम भी जनता की आवाज को सड़क से लेकर सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। कहा कि स्थानीय नियोजन पेसा कानून एवं पांचवी अनुसूची को अमल कराने के लिए आंदोलन तेज होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा माले के भोतान गंझू, एतवारी देवी, शिवबालक लोहरा, महेंद्र लोहरा, आबिद अंसारी, तेजू उरांव, बटन गंझू, लखना उरांव, फिल्मन उरांव, रामचन्द्र, महावीर गंझू आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से कंबल का हुआ वितरण



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से छोटामुरी मस्जिद मोहल्ला में वृद्ध, गरीब और असहाय लोगों के बीच लगभग 80 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल मिलते ही लोगों ने राहत की सांस ली और लोगों ने हिंडाल्को का आभार व्यक्त किया। मौके पर हिंडालको सीएसआर विभाग के हेड अनिल सिंह, सुधांशु कुमार, महताब आलम, भरत सिंह, पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) अरविंद कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### हरिहर मेला का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को सिल्ली प्रखंड के कोंचो पंचायत में हरिहर मेला का आयोजन किया गया। मेले में भव्य टुसू का प्रदर्शन भी किया गया। भव्य टुसू को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लग गई। मेले में भारी उत्साह और क्षेत्रीय रीति रिवाज का झलक भी देखने को मिला। मेला कमेटी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मेले में अतिथि के रूप में सिल्ली के विधायक अमित महतो, पूर्व विधायक सीमा महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी, जिला परिषद सदस्य पूर्वी लक्ष्मी देवी,जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो एवं प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक उपस्थित रहे। मेला का संचालन सुनील सिंह ने किया। मेले में विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग भी मौजूद रहे। बताते चले कि मेले का आयोजन पिछले कई दशकों से किया जा रहा है। मेले में दूरदराज से ग्रामीणों ने बड़े-बड़े विशाल रूप से तैयार किए हुए टुसू लेकर नाचते गाते मेले में पहुंचे। वहीं मेला कमेटी के द्वारा टुसू में प्रथम विजेता एवं द्वितीय विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के दुकाने लगाई गई थी। मेले में आए हुए लोगों ने दुकानों से घरेलू सामान खरीदते नजर आए। बच्चे विभिन्न प्रकार के लगे हुए झूलों का आनंद भी लिया। मेले को सफल बनाने में राजकुमार महतो एवं जगतपाल महतो का सराहनीय योगदान रहा।

### हत्या करने गए दो अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल



**जमुना।** जमुआ थाना क्षेत्र के रंगामाटी के एक युवक को जान मारने आये 6 लोगों में जमुआ पुलिस ने दो को पकड़ा चार लोग हुए फरार. घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा 2 बाइक भी जमुआ पुलिस ने जप्त की. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की जमुआ थाना क्षेत्र के रांगामाटी में मणिलाल वर्मा पिता प्रदीप कुमार वर्मा को 6 लड़के जान मारने की नियत से आया था जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली उनके निदेर्शानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए जमुआ पुलिस रांगामाटी पहुंच दो लड़कों को पकड़ा इसके अलावे एक देशी कट्टा एवं दो बाइक भी जप्त किया गया. बताया कि इस बाबत मणिलाल वर्मा के भाई इंद्रदेव वर्मा पिता प्रदीप कुमार वर्मा के आवेदन पर जमुआ थाना कांड संख्या 3 /2025 धारा 329(4) 190/191 (3)115(2) 351(2)352 बीएनएस 2023 एवं 25(1-बी)26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रितेश कुमार पांडेय उम्र 19 वर्ष पिता ऋषिकेश पांडेय एवं अनिमेष पांडेय उम्र 20 वर्ष पिता प्रकाश पांडेय दोनों शाकिन चुंगलो थाना जमुआ को जेल भेज दिया गया . एक देशी कट्टा ,यामहा मोटरसाइकिल जेएच 11 एजे 8531 एवं हीरो मोटरसाइकिल जेएच 11सी 6528 को जप्त किया गया.

---

## युवा दिवस पर आयोजित पांच दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन



**रांची।** युवा दिवस पर आयोजित पांच दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। यह टूर्नामेंट 12 जनवरी से 16 जनवरी तक बोहण्डा मैदान में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में कुल 76 टीमों ने हिस्सा लिया, जो क्षेत्र में खेल भावना और युवा ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन था। फाइनल मुकाबले में केजी बॉयज कटुई ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि लागरू चालमा को उपविजेता का स्थान मिला। समापन समारोह में दीनू पाहन मुंडारी डांस ग्रुप ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। अतिथि में चंद्र सहाय शोले, मुखिया गीता समद भी मौजूद रहे। इस आयोजन की सफलता में स्थानीय समुदाय और आयोजनकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनमें रतन मुंडा, जसवंत हेमरम, दनयाल हेमरम, पांडु मुंडा, और गीता समद शामिल हैं।

## जंगली हाथी ने दो घरों को किया ध्वस्त, गेहूं की फसल को किया बर्बाद



**बेड़ो।** एक विशाल का एक जंगली हाथी ने हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जहानाबाज गांव के महानंद सिंह जमनी बगीचा स्थित घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वही एक दिन पहले इसी जंगली हाथी ने पंडरा के बहेरा टोली में राजू मुंडा के घर को धवस्त कर दिया। इस विशालकाय जंगली हाथी को देखकर लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है। महानंद सिंह और उनके भाई देवानंद सिंह ने बताया कि जंगली हाथी पिछले दिन संध्या लगभग 7:00 ही गांव पहुंच गया था। जंगली हाथी ने डुका उरांव के घर के पास पानी पिया। और रंथु भगत के घर पहुंचा। हालांकि उसके घर को किसी तरह के नुकसान नहीं पहुंचाया। बाद में जंगली हाथी फिरन महतो के खेतों में लगी गेहूं सरसों सहित अन्य फसलों को रौंद डाला । इसके बाद रात लगभग 9:30 बजे जमनी बगीचा के पास महानंद सिंह के घर पहुंचा यहां दीरपु सिंह सोया हुआ था। जंगली हाथी ने महानंद सिंह के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। दीरपु सिंह किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी इतना विशालकाय और खूंखार है कि लोगों के भगाने पर भी वह नहीं भागता है। महानंद सिंह और देवानंद सिंह ने बताया कि वन विभाग तुरंत इस जंगली हाथी को अन्यत्र भगाने की कृपा करें अन्यथा कई लोगों की जान जा सकता है।

रोहिणी अस्पताल को दूसरी जगह ले जाने से लोगों को होगी परेशानी

# पुनर्विचार करे सीसीएल प्रबंधन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएल के रोहिणी अस्पताल को दूसरे जगह स्थानान्तरित किए जाने के विरोध में गुरुवार को रोहिणी डिस्पेंसरी के समक्ष प्रदर्शन किया गया। धमधमिया कालोनी निवासी शंकर सिंह ने कहा कि रोहिणी अस्पताल को वर्तमान जगह से दूसरे जगह ले जाया जा रहा है जिससे लोगों को काफी परेशानी होगी। धमधमिया एनके एरिया की बड़ी कालोनी है। निकट में ही विस्थापितों का पुनर्वास कालोनी है। प्रबंधन को कालोनी व आसपास के ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अस्पताल को दूसरी जगह स्थानान्तरित करने के लिए पुनर्विचार करना चाहिए। स्थानीय लोगों ने कहा कि अस्पताल में अभी रोहिणी परियोजना का आफिस भी शिफ्ट कर दिया गया है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को इलाज के लिए काफी परेशानी होती है। डाक्टर के बैठने वाले कमरे के अंदर ही बगल में एक आफिस बन गया है जिससे इलाज के लिए डाक्टर से दिखाने में महिला मरीज काफी असहज महसूस करती हैं। मांग की गई कि अस्पताल को इसी जगह पर रहने दिया जाय और अस्पताल में चल रहे आफिस को रोहिणी कालोनी में शिफ्ट कर दिया जाय। कांग्रेस नेता गोपाल सिंह ने कहा कि रोहिणी डिस्पेंसरी इस क्षेत्र के लिए एक सहारा है और इस अस्पताल को रोहिणी कालोनी में शिफ्ट करने की जानकारी मिली है जो कही से उचित नहीं है। अभी जिस जगह पर अस्पताल चल रहा है वह सबके लिए उपयुक्त स्थान है। सभी के लिए आवागमन में सुविधा है। मुखिया संतोषकुमार महली ने प्रबंधन से अस्पताल स्थानान्तरण के निर्णय को पुनर्विचार करने का आग्रह किया। प्रदर्शन में राजेन्द्र लोहरा, गणेश मोदी, जीतू बाउरी, सुमित, आशीष यादव, राजेश वर्मा, सुनील पासवान, मुरारी रजक, अंकित कुमार, सोनू खान, धर्मेन्द्र पासवान आदि शामिल थे।

### चीक बड़ाईक समाज को अपने हक अधिकार के लिए आगे आना होगा : प्रभु दयाल

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के अरमा लटदाग में चीक बड़ाईक समाज जिनके समन्वय बैठक मनोज बड़ाईक के अध्यक्षता में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि चीक बड़ाईक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक शामिल हुए जिन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चीक बड़ाईक समाज को एकजुटता के साथ अपने हक अधिकार के लिए आगे आना होगा, उन्होंने कहा झारखंड के मूलतः छोटानागपुर क्षेत्र में निवास करने वाले चीक बड़ाईक समाज आज कई सामाजिक परेशानियों से जूझ रहा है और इस संबंध में स्थानीय विधायक से लेकर सरकार को भी पता है कि खतियानी त्रुटि के कारण छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पर कभी भी ठोस पहल नहीं किया गया समाज की समस्या को विधानसभा में कई बार कई विधायकों ने उठाया पर इसका समाधान नहीं कर पाए अतः अब समय आ गया है कि समाज एकजुटता का परिचय देते हुए अपने हक अधिकार के लिए आगे आएं।

राम साहु का निधन

## माकपा व किसान सभा ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी/सिल्ली।** गत 25 वर्षों से माकपा के सदस्य सह किसान सभा के नेता कामरेड राम साहु 50 वर्ष का हृदय गति रुकने से बुधवार की रात्रि मौत हो गई । मौत की सूचना मिलते ही सिल्ली मुरी में शोक की लहर फैल गई। राम साहु के विशाल शवयात्रा में माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, माकपा जिला कमिटी सदस्य अमर महली, अरूण महतो, सिल्ली माकपा संस्थापक सह माकपा नेता बद्री नारायण साहु, लोकल कमिटी सदस्य संतोष कुम्हार, सदानंद सोनार,रबि सोनार, शशि शंकर सोनार, हीरा साहु,कमल साहु, सुधीर साहु सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं गुरुवार को मुरी स्वर्ण रेखा नदी तट पर दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि देने के साथ सम्मान पूर्वक दाह संस्कार किया गया। माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य,सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि कामरेड गत 25 वर्षों से पार्टी सदस्य व किसान सभा के जुझारू व संघर्ष शील सदस्य रहे ।पार्टी एवं किसान सभा के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा ।युवा काल में माकपा के प्रति उनका जबरजस्त अभिरुचि रहने के कारण क ?ई बार नंगे बदन ही लाल झंडा लेकर जुलूस में शामिल हुए थे। कामरेड राम साहु के एक ईमानदार, संघर्षशील छवि के कारण लोग उनके हमदर्द थे। इस दुःख की घड़ी में माकपा एवं किसान सभा उनकी पत्नी एवं एक मात्र पुत्र के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है।

---

19 दिन बाद शुरू हो गया चूरी का बंद कांटा घर

# माप तौल निरीक्षक ने कांटा घर मशीन को स्टांप कर सील किया



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** 28 दिसंबर से चूरी परियोजना का बंद कांटा घर 19 दिन बाद गुरुवार को फिर से शुरू हो गया। कांटा घर शुरू होते ही कोयला डिस्पैच का काम भी शुरू हो गया। मापतौल निरीक्षक संगीता बाड़ा, रांची अतिरिक्त 2 गुरुवार की सुबह अपनी टीम के साथ चूरी परियोजना पहुंची और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कांटा घर के मशीन को स्टांप कर सील किया। जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। कांटा घर शुरू होने से प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। पिछले 19 दिनों से परियोजना का कोयला डिस्पैच पूरी तरह से ठप हो गया था। जिसके कारण परियोजना में 25000 टन कोयले का स्टाक हो गया था। वहीं कई कोयला लदी गाड़ियां भी 19 दिन तक परियोजना में फंसी रही। गुरुवार को कांटा घर शुरू होते ही रोड सेल और रेलवे साइडिंग में कोलार डिस्पैच शुरू हो गया। ज्ञात हो कि 28 दिसंबर को कांटा घर में लगे मशीन में संदिग्ध डिवाइस मिलने के बाद कांटा घर को बंद कर दिया गया था।

### एसजीएफआई अंडर 17 बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल कल

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 17 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 18 जनवरी को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान चुटिया में सुबह 8:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 03 से 07 फरवरी तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-17 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों का जन्म 01-01-2008 अथवा इसके बाद का होना चाहिए। ट्रायल में सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के छात्र भाग ले सकते हैं। ट्रायल के लिए एलिजिबिलिटी फॉर्म में फोटो और नीचे प्रधानाध्यापक या प्रभारी का सिग्नेचर दोनों जगह होना अनिवार्य है। एलिजिबिलिटी फॉर्म के अलावा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र,लास्ट ईयर का अंक पत्र और बोनाफाइड सर्टिफिकेट भी लाना अनिवार्य है।

## महाकवि घासीराम महली की जयंती सह मेला आज

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखंड के करकट गांव में शुक्रवार को महाकवि घासीराम महली की जयंती सह मेला का आयोजन किया गया है। इस समारोह के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आने की प्रबल संभावना है। वहीं कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद रहेंगी। यह मेला प्रत्येक वर्ष महाकवि घासीराम महली के जन्मदिन के अवसर पर 17 जनवरी को लगाया जाता है। मेला को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। घासीराम माली स्मारक समिति के अध्यक्ष मकेश्वर महली ने बताया कि इस मेले में नागपुरी जगत के जाने-माने साहित्यकार, कलाकार और नागपुरी भाषा प्रेमी उपस्थित होते हैं। साथ ही यहां पर झारखंड राज्य के अलावे दूसरे राज्यों से भी लोग आते हैं। इस मौके पर महली समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले हस्तियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिसमें नायक टोली, हटिया निवासी महावीर नायक जो कि राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार हैं । ये डहर पत्रिका के संपादक, कला संगम द्वारा प्रकाशित संगम पत्रिका के सहयोगी संपादक भी हैं। इनकी झारखंड दर्पण तथा गीत झोपा नामक दो पुस्तकें प्रकाशित हुई है। साथ ही ईटा, सिठियो, लोहरदगा निवासी गोविंद शरण लोहरा है। ये नागपुरी के वरिष्ठ गायक हैं। लगभग 450 गीतों के रचयिता हैं । उन्हें अधरतिया राग सम्राट कहा जाता था। अधरतिया राग सम्राट गोविंद शरण लोहारा नामक पुस्तक में इनके 250 का गीतों को राम कुमार ने संकलित किया है। पकरियो, चान्हों निवासी अशोक बाघवार की पुत्री उन्नति बाघवार है। जो कि राइफल शूटिंग में राज्यस्तरीय 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग 2024 में तीनों आयु वर्गों (14, 17, 19) में 3 स्वर्ण पदक, सीबीएसई जोनल 2024 में दो पदक - एक स्वर्ण और एक कास्य , डी ए वी क्लस्टर और जोनल 2024 में एक- एक स्वर्ण पदक तथा डीएवी नेशनल 2024 टीम में स्वर्ण पदक विजेता हैं।

ओडिशा वॉरियर्स ने पेनल्टी शूटआउट में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को हराया


# ओडिशा वॉरियर्स ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में बोनस प्वाइंट हासिल की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जोसलीन बार्ट्राम ने तीन प्रयासों को रोककर ओडिशा वॉरियर्स को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत दिलाई। महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (2024-25) में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ यह मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। ओडिशा वॉरियर्स के लिए बलजीत कौर (8) ने गोल किया, जबकि श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए ब्यूटी डुंगडुंग (16) ने स्कोर किया। मैच की शुरूआत में ही बंगाल टाइगर्स के पास बढ़त लेने का मौका था। तीसरे मिनट में एश्ले हॉफमैन ने गोललाइन से गेंद को गोल के मुंह की ओर पास किया, लेकिन लालरेमसियामी और हन्ना कॉटर इसे चूक गईं। बंगाल टाइगर्स ने पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन वॉरियर्स की गोलकीपर जोसलीन बार्ट्राम ने हॉफमैन के ड्रैग फ्लिक को बेहतरीन तरीके से बाहर कर दिया। ओडिशा वॉरियर्स ने आठवें मिनट में बलजीत कौर के गोल से खेल के विपरीत बढ़त बना ली। विक्टोरिया सॉज ने सर्कल के बाहर से गेंद को पोस्ट की ओर मारा, और बलजीत ने सही समय पर इसे जेनिफर रिज्जो को पछाड़ते हुए गोल में डाल दिया। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में बंगाल टाइगर्स के पास स्कोर बराबर करने का मौका था, लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर इंजेक्शन सही से ट्रैप न हो पाने के कारण यह मौका हाथ से निकल गया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होते ही, 46 सेकंड में, ब्यूटी डुंगडुंग ने सर्कल के अंदर से शॉट लेकर स्कोर को बराबर कर दिया।

## एक नजर

### जिले में छाया घना कोहरा तापमान में आई गिरावट से लोग परेशान



**रामगढ़।** जिले में गुरुवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा. वहीं, तापमान में गिवारट हुई. जिससे आम लोगों सहित स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हुई. इधर, घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को सड़क पर वाहन चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा. कोहरे के कारण काफी देर तक वाहन चालक लाइट जलाकर वाहन चलाने को विवश हुए. सुबह 9:00 बजे के बाद जब कोहरा छटा तब लोगों को राहत मिली.

### स्टार्टअप इंडिया में रामगढ़ की खुशी बनी उपविजेता

**रामगढ़।** शहर प्रतिनिधि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हरियाणा में अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता हुई थी। इसमें रामगढ़ शहर की दुसाध मुहल्ला निवासी खुशी वर्मा उप विजेता बनी। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी खुशी ने स्टार्टअप प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने उल्लेखनीय प्रदर्शन के बदौलत पूरे राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रही। इसे लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हाथों सम्मानित होने का मौका मिला। खुशी वर्मा ने सफलता को श्रेय अपनी माता बबीता वर्मा और पिता राजन वर्मा के साथ गुरुजनों को दिया। कहा कि माता-पिता के सहयोग से ही हरियाणा विश्वविद्यालय में पढ़ने आ सकी। वहीं गुरुजनों के सहयोग से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### बीटीटी पर स्वास्थ्य विभाग को गुमराह करने का आरोप

**भुरकुंड।** भुरकुंडा पंचायत में बुधवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक मुखिया अजय पासवान की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीटीटी केशव कुमार महतो की ओर स्वास्थ्य विभाग में की गई शिकायत का खंडन किया गया। मुखिया अजय पासवान ने बताया कि बीटीटी केशव महतो ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी से लिखित शिकायत की है कि भुरकुंडा पंचायत में सहिया साथी रेखा देवी और सहिया सुमन कुमारी को टीबी रोग से संबंधित सर्वे करने से रोका गया है, जो सरासर गलत है। भुरकुंडा पंचायत में ऐसे किसी सर्वे के बावत किसी भी जनप्रतिनिधि या फिर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बीटीटी केशव महतो ने स्वास्थ्य विभाग से झूठी शिकायत कर न सिर्फ पंचायत की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है।

---

एफजेसीसीआई के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने रक्षा राज्यमंत्री को लिखा पत्र

# कैंट बोर्ड से रिहायशी इलाकों को मुक्त करवाने के लिए हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने देश के रक्षा राज्मंत्री संजय को पत्र लिखा है। रक्षा राज्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने बताया है कि रामगढ़ कैंट बोर्ड के 7200 एकड़ भूमि को कैंट बोर्ड से मुक्त कराये जाने की प्रक्रिया चल रही है। पत्र में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस दिशा में पहल जारी है। श्री साहू ने पत्र में बताया कि मामला अब कैंट बोर्ड में है जहां 74 कर्मी कार्यरत हैं। बताया कि कर्मियों के राज्य सरकार में समायोजन को लेकर मामला लंबित है। अमित साहू ने पत्र में बताया है कि इस मामले में रामगढ़ जिले के व्यापारियों की कुछ प्रमुख समस्याएं सुझाव हैं। जिनपर आपके माध्यम से हम सभी सहयोग चाहते हैं। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित



साहू ने पत्र में बताया है कि सुभाष चौक के निकट माता विघ्नेश्वरी मंदिर है। बताया कि इसके परिसर की भूमि सेना की क्लास ए श्रेणी में आती है। इसे सेना द्वारा रात में बंद कर दिया जाता है और फिर सुबह में खोला जाता है। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पत्र में मांग की है कि मंदिर को सेना के अधिकार क्षेत्र से मुक्त करवाया जाए। वार्ड नंबर 7 और 8 के कुछ भाग सी श्रेणी में आती हैं, इन्हें भी प्रतिबंधित सूची से बाहर किया जाए। अमित साहू ने पत्र में बताया है कि रामगढ़ कैंटोंमेंट के वार्ड नंबर 7 और 8 का कुछ भाग सेना की सी श्रेणी में आती है। इसे भी प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। लेकिन वर्तमान में सी श्रेणी की भूमि पर सैकड़ों घर का निर्माण हो चुका है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग वर्तमान में रह रहे है। इस भू-भाग को भी प्रतिबंधित सूची से हटाने की कृपा की जाए।

**बंजारी ग्रांउड को मुक्त किया जाए**

अमित साहू ने पत्र में कहा है कि भुरकुंडा जाने के क्रम में प्राचीन बंजारी मंदिर के समीप स्थित बंजारी ग्राउंड भी वर्तमान सेना के अधीन में है। शहरवासियों की सुविधा के लिए इस ग्रांउड को सुबह-शाम खुलवाना उचित रहेगा।

---

# खेल से लोगों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है : संतोष महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** तेलियातु प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता, संतोष महतो,विशिष्ट अतिथि मोहित मुंडा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, जिला सचिव शाहबाज अनवर गोलड़ी ने 16 जनवटी को विधिवत मैच का शुभारम्भ किया। सरईया बनाम फाइटर भुरकुण्डा के बीच मैच खेला गया, जिसमें टीम फाइटर भुरकुंडा ने 5 विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच शशि कुमार रहे।मुख्य अतिथि संतोष महतो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा क्षेत्र के पानी की समस्या को दूर किया जाएगा एवं खिलाड़ियों को खेल से संबंधित समस्या का भी निराकरण किया जाएगा। खेल से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मौके पर मुख्य रूप से जेएलकेआम केन्द्रीय सचिव सह प्रवक्ता संतोष महतो,जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, जिला सचिव शाहबाज अनवर गोल्डी, मोहित मुंडा, अजय महतो, प्रेम महतो, कार्यकारी अध्यक्ष सहदेव महतो, सचिव छोटेलाल महतो, उपसचिव संदीप महतो, महासचिव धर्मवीर महतो, कोषाध्यक्ष संजय करमाली, उप कोषाध्यक्ष तुलसी पटेल, संचालक गौतम महतो,सन्नी महतो, रिंकू करमाली सदस्य मूरत महतो, तुलसी महतो आदि उपस्थित थे ।

---

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक



**रामगढ़।** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन हेतु जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से मोबाइलटावर. झारखंड. गोव. इन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है।बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत 3 मोबाइल टॉवर को सभी कागजात पूर्ण होने के उपरांत स्वीकृति दी गई साथ ही अन्य आवेदनों पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### मध्य विद्यालय में छात्रों के बीच मुखिया ने किया पोशाक का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के बीच पोशाक बांटा गया। मुख्य अतिथि मुखिया प्रमिला देवी, प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद साव ने छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक वितरण किया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत कक्षा पहला एवं दूसरा के कुल 63 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों के पठन-पाठन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इस अवसर पर संयोजिका चमेली देवी, शिक्षक इन्द्र साव, इन्दू देवी, त्रिलोकी साव, इन्द्रदेव साव, मनोज कुमार, राघवेन्द्र लाल, प्रकाश तुरी, हरिहर दास, धानेश्वर साव, मनमोहन दास, विजय कुमार, मोहम्मद रूस्तम अहमद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम चलांगा के पंचायत चेडरा में ग्राम सभा का आयोजन मुखिया निर्मल कुमार की अध्यक्षता में की गई । श्री कुमार ने बताया कि जितनी भी योजनाएं स्वीकृत की जाएगी उसे ग्राम सभा में पारित करना अति आवश्यक है, ग्राम सभा के माध्यम से ही योजनाओं की प्राथमिकता तय किया जा सकता है। तदोपरांत ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न योजनाओं को ग्राम सभा में प्रस्ताव के रूप में पारित किया गया मौके पर पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, वार्ड सदस्य रिता कुमारी, पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, ग्राम रोजगार सेवक सुधांशु शेखर, पंचायत सहायक सुनील कुमार, बाबूचांद राम, मनोज भुईयां, सच्चिदानंद सिंह, विष्णु राम, कंचन कुमारी, सीमा देवी, सुंदर राम, विनोद कुमार रवि, रामदास राम इत्यादि ग्रामीण उपस्थित।

---

हत्या के आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

# सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं : शमीम अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बीते पांच माह पूर्व शिलाडीह पंचायत समिति सदस्य अमृना बीवी के पुत्र व प्रतिनिधि शमीम अंसारी के छोटे भाई सद्दाम अंसारी उर्फ गुड्डू को हत्या के आरोप में पुलिस गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया था। जिन्हें बुधवार को कोर्ट से जमानत मिल गई है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए आरोपी के भाई शिलाडीह पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी ने बताया कि पांच माह पूर्व मेरे छोटे भाई सद्दाम अंसारी को हत्या के झूठा मुकदमा में फंसाकर जेल भेजा गया था, जिसे हाईकोर्ट ने बुधवार को उक्त हत्याकांड मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मेरे भाई को जमानत दे दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेरे भाई को शक के आधार पर गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था लेकिन सच्चाई कुछ और



था उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट अधिवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने सद्दाम की ओर से जमानत के लिए हाई कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा और अततः हाईकोर्ट ने मेरे भाई की जमानत को स्वीकारा। इस निमित पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी ने हाई कोर्ट और हाई कोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप कुमार यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सत्य को परेशान किया जा सकता है पर पराजय नहीं।

---

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

# सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अति संवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि) की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने टीएसपीसी/ पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने के लिए निर्देशित किया गया । साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलंब



कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनए० अन्तर्गत गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य एप का उपयोग करने के लिए निर्देश दिया गया।

---

प्रेस क्लब भवन का हुआ उद्घाटन, जिले के सैकड़ों पत्रकार हुए शामिल

# जिले के पत्रकारों को विचार-विमर्श और समाचार संकलन में होगी सुविधा : डीसी

*क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि क्लब के जीर्णोंद्धार में उपायुक्त की महत्ती भूमिका रही है, शीघ्र ही क्लब को चहारदीवारी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा*




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गुरुवार को झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग भवन का उद्घाटन हुआ. जिसमें बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त नैंसी सहाय और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने किया. जिसका संचालन मो शमीम ने किया. उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अभिजेत सेन, क्लब के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और विभिन्न प्रखंड के पत्रकार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए. अतिथियों का स्वागत सचिव मिथिलेश मिश्र ने अपने स्वागत भाषण से किया. क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि क्लब के जीर्णोंद्धार में उपायुक्त की महत्ती भूमिका रही है, शीघ्र ही क्लब को चहारदीवारी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा. उन्होंने बताया कि क्लब के जिर्णोंद्धार होने से जिले के पत्रकारों को बैठक, समाचार संकलन अथवा विचार विमर्श करने में सुविधा होगी. इतना ही नहीं आवश्यकतानुसार जिले के बाहर से आने वाले पत्रकारों को विश्राम करने में सुविधा मिलेगी. यह सभी कार्य प्रेस क्लब के टीम के प्रयास और डीसी के सहयोग से संभव हो सका है. एसपी श्री सिंह ने उपस्थित पत्रकारों को शुभकामनाएं दी. साथ ही जनहित के मुद्दे पर मुखरता के साथ पत्रकारिता करने की बात कही. मुख्यातिथि डीसी श्रीमती सहाय ने भी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए न्याय संगत तरीको से जिले के पत्रकारों को हर संभव मदद करने की बात कही.

---

करसो के खैराटोला में विधायक ने किया कंबलों कर वितरण

# हर जरूरतमंद की समस्यायों का समाधान ही हमारी पहली प्राथमिकता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** करसो पंचायत के खैराटोला में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने 40 निर्धन और जरूरत मंद लोगो के बीच कंबल वितरण किया. मौके पर विधायक श्री यादव ने कहा कि हर जरूरत मंदो की आवश्यकताओं को पूरा करना और सरकार के जनहित के कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ क्षेत्र में संचालित करवाना उनकी प्राथमिकता रही है. इसके लिए वह शुरू से ही प्रयासरत रहे है. उन्होंने कहा कि शीतलहर का प्रकोप जारी है, ऐसे में लोगो को विशेषकर बच्चो और बुजुर्गो को सुरक्षित रहने की आवश्यकता है. ठंढ से सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन को ओर से भी अलाव और कंबल को व्यवस्था की जा रही है. इस अवसर पर जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, सहदेव यादव, जुगल यादव, भूपेंद्र यादव, अमित कुमार, संतोष निषाद आदि कई लोग मौजूद थे.

---

टोल प्लाजा के निकट चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

# बिना हेलमेट के वाहन चला रहे चालकों को रोककर हेलमेट व फूल देकर किया गया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरूवार को ओरमांझी टोल प्लाजा के पास जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ द्वारा जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अजय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा उपस्थित आम जनता, पुलिस पदाधिकारी एवं जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का दृढ़ता पूर्वक पालन करने का शपथ लिया गया। बिना हेलमेट के मोटरसाईकिल चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर हेलमेट पहनाया गया तथा गुलाब का फुल देकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। एसपी ने कहा कि बिना हेलमेट व बेल्ट के वाहन चलाना कानूनी अपराध है। आज युवा पीढ़ हाई स्पीड में जो मोटरसाइल चलाते हैं, जिससे दुर्घओं की काफी आशंकाएं होती हैं। इस पर ध्यान देने की बात है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़, यातायात प्रभारी रामगढ़ एवं जिला परिहवन कार्यालय के पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित रहें।

---

थैलेसिमिया जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# समस्या व समाधान पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** चंदवारा प्रखंड के उउवि उरवां में थैलेसिमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम थैलेसिमिया वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया के बैरकपुर मोहनपुर शाखा के द्वारा आयोजित किया गया था. जिसमें बच्चों को थैलेसीमिया के कारण और उससे बचने के उपाय पर जानकारी दी गई. बताया गया कि थैलेसिमिया वंशानुगत विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन बनाने वाले अमीनो एसिड की 4 श्रृंखलाओं में से एक के निर्माण में असंतुलन होने की वजह से होता है. थैलेसिमिया के मरीजों के शरीर में आयरन की कमी हो जाती है. ऐसे में उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिससे हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी को दूर किया जा सके. इसके लिए चुकंदर, अनार, पालक, सेब, किशमिश, अंजीर और बादाम खाने की सलाह दी गई. जिससे शरीर में रेड ब्लड सेल्स बढेंगे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सियामल कुमार विश्वास, नितेश कुमार चौधरी रॉय, प्रवीण कुमार राय, रतन पाल, अपूर्वा कुमार विश्वास सहित विद्यालय के शिक्षक और बच्चे शामिल थे. कार्यक्रम संचालन में विद्यालय प्रधान अजय कुमार ने महती भूमिका निभाई.

---

# सांसद सामूहिक विवाह उत्सव के तहत क्षेत्र के 101 निर्धन बेटियों का करेंगे कन्यादान



*सांसद 101 जोड़े के नवजीवन की शुरूआत के साथ उनके गृहस्थ का जरूरी समान भी करेंगे भेंट*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 निर्धन जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर- शोर से शुरू कर दी गई है। सांसद मनीष जायसवाल खुद इस कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं। गुरुवार को इसकी तैयारी को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने टीम के साथ विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम ( कर्जऩ ग्राउंड) पहुंचे। शादी स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शादी की तैयारी में जुटे लोगों को कई प्रकार के दिशा- निर्देश दिया। आगामी 02 फरवरी 2025 को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 जोड़े का सामूहिक विवाह करवाने जा रहें हैं । सांसद मनीष जायसवाल ने सामूहिक विवाह स्थल का निरीक्षण करने के पश्चात यहां मीडिया से बात करते हुए बताया कि पिछले वर्ष 25 जोड़े की जिंदगी की एक नई शुरूआत करने में हम सहभागी बन सके थे और मुझे इस नेक कार्य से बेहद आत्मसंतुष्टि मिली थी। मैंने वचन लिया था कि सामाजिक सहयोग रहा तो यह पहल बरकरार रहेगी। उसी पहल को बरकरार रखने की कोशिश में जुटा हूं और सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की 101 निर्धन जोड़ें का सामूहिक विवाह शाही शादी के तर्ज कराने का प्रयास कर रहा हूं। ये सभी जोड़े समाज के आर्थिक रूप से निचले तबके के हैं और इसमें दिव्यांग, बेसहारा जोड़े के साथ समाज के ऐसे जरूरतमंद निर्धन जोड़ें हैं जिन्हें लगता है कि उनकी शादी परिवार के लिए किसी बोझ से कम नहीं है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण जो परिवारजन अपने बच्चों का शादी का सपना पूरा कर पाने में असक्षम हो रहें थे ऐसे परिवार के लोगों का चयन और उनका सम्मानजनक तरीके से विवाह संपन्न कराने का हमारा लक्ष्य है।

